विश्व डाउन सिंड्रोम दिवसोत्सव का आयोजन

डाउन सिंड्रोम बच्चों को समाज में समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने एवं सामाजिक जन जागरूकता के उद्देश्य से आज राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सेक्टर 31 के द्वारा संस्थान परिसर में विश्व डाउन सिंड्रोम दिवसोत्सव का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर डाउन सिंड्रोम बच्चों के लिए ड्राइंग एक्टिविटीज एवं विभिन्न प्रकार के मनोरंजक फन गेम्स जैसे बीन बैग थ्रो, बॉल इन द बास्केट, म्यूजिकल चेयर, ऑब्स्ट्रेकल रेस इत्यादि का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में संस्थान के करीब 26 डाउन सिंड्रोम बच्चों ने भाग लिया। इनके चेहरे पर प्रसन्नता स्पष्ट झलक रही थी। इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के विशेष विद्यालय की प्राचार्या डॉ. बानी रत्नम एवं क्लीनिक इंचार्ज डॉ. रीना जैन ने किया।

ड्राइंग गतिविधि में भाग लेते हुए और अपने चित्रों को दिखाते हुए छात्रगण।

बाधा दौड़ में भाग लेते हुए विभिन्न प्रकार की बाधाओं को पार करते विद्यार्थी

तस्वीरों में (बाएं से दाएं) शिखा और रचित के बीच म्यूजिकल चेयर का अंतिम दौर; बॉल इन द बास्केट, बीन बैग थ्रो एवं हिट द कोन।.

प्री वोकेशनल III वर्ग के छात्र जसवीर ने हिट द कोन गेम में रोमांचक प्रदर्शन किया।

वर्ल्ड डाउन सिंड्रोम डे मनाया

चंडीगढ़ | गवर्नमेंट रिहैब्लिटेशन इंस्टीट्यूट फॉर इंटलेक्चुअल डिसएबिलिटीज-31 में वर्ल्ड डाउन सिंड्रोम डे मनाया गया। इसमें स्पेशल स्कूल और क्लिनिक से डाउन सिंड्रोम से ग्रस्त 26 लोगों ने ड्रॉइंग एक्टिविटी साथ अलग-अलग फन गेम्स में भी पार्टिसिपेट किया। जिनमें बीन बैग थ्रो, बॉल इन द बास्केट, म्यूजिकल चेयर और ऑब्सटेकल रेस शामिल थीं। स्टूडेंट्स ने बड़े उत्साह से इस इवेंट में पार्टिसिपेट किया और इनके पेरेंट्स भी खुश थे।

समाचार कवरेज